## खबर संक्षेप



### पान किसान एवं व्यापारी संगठन ने समस्याओं को कराया अवगत

**उमरियापान।** मप्र पान किसान एवं व्यापारी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बसंत चौरसिया के नेतृत्व में प्रदेश भर से पहुँचे संगठन से जुड़े लोगों व पान किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल से मुलाकात की। फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।पान किसान एवं व्यापारी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बसंत चौरसिया ने पान कृषक बोर्ड को अस्तित्व में लाने के साथ ही प्रदेश के पान किसानों व पान खेती में आने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।चौरसिया समाज को सत्ता एवं संगठन में भागीदारी दिये जाने सहित अन्य मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर कटनी जिले के उमरियापान से राजेन्द्र चौरसिया, रमाकांत संजू चौरसिया के अलावा भोपाल, टीकमगढ़,पन्ना,सागर, भोपाल, नरसिंहपुर, रायसेन के अलावा अन्य जिले से भी समाज के लोग शामिल रहे।

### जिले में अब तक 845.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से गुरूवार 21 अगस्त तक कुल 845.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1113.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 788 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 908.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1113.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 809 मिलीमीटर, बरही तहसील में 742 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 741.5 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 751.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 940.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 753.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा सीधे प्रवेश

**कटनी।** शासकीय आईटीआई में खाली सीटों को भरने के लिए संस्था स्तर पर सीएलसी राउंड और ₹पहले आओ, पहले पाओ₹ राउंड की प्रक्रिया शुरू है। इसके तहत आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक युवाओं को अब सीधे प्रवेश का मौका मिल रहा है। जिन छात्रों ने अब तक आईटीआई में प्रवेश नहीं लिया है, उनके लिए 22 अगस्त तक पंजीयन और चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया चलेगी। इस राउंड में भाग लेने के लिए छात्रों को सबसे पहले पंजीकरण कराना होगा और फिर अपनी पसंद के आईटीआई और ट्रेड का चुनाव करना होगा। 25 अगस्त को छात्रों को अपनी चुनी हुई संस्था (आईटीआई) में उपस्थित होना होगा। 26 अगस्त को मेरिट सूची जारी की जाएगी, और मेरिट में नाम आने पर प्रवेश दिया जाएगा। 28 अगस्त को प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। यदि सीएलसी राउंड के बाद भी सीटें खाली रहती हैं, तो 29 अगस्त को बची हुई सीटों की जानकारी दी जाएगी। इस राउंड में जो भी छात्र पहले आईटीआई में उपस्थित होंगे, उन्हें तुरंत प्रवेश दे दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए छात्र नोडल शासकीय आईटीआई कटनी, शासकीय आईटीआई बरही, शासकीय आईटीआई बहोरीबंद, शासकीय आईटीआई कैमोर, शासकीय आईटीआई विजयराघवगढ़ एवं शासकीय आईटीआई ढीमरखेड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

---

**स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत संसारपुर में घंटों चला गहमा गहमी का माहौल, 12 पेटी अवैध शराब हुई जब्त**

# शराब ठेकेदार के गुर्गों ने ग्रामीणों को कार से कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम संसारपुर में गुरुवार की सुबह उस समय गहमा गहमी का माहौल निर्मित हो गया जब शराब ठेकेदार की दबंगई ने ग्रामीणों को अस्पताल पहुँचा दिया। गांव में लंबे समय से शराब की पैकारी का ग्रामीण विरोध कर रहे थे। गुरुवार की सुबह ठेकेदार मंचू असाटी के गुर्गे नीलेश जायसवाल ओर पिंटू कुशवाहा बोलेरो में शराब लेकर संसारपुर पहुंचे जहाँ जमकर हंगामा किया। विवाद बढ़ने पर ठेकेदार के गुर्गो ने कार से लोगों को कुचल दिया, जिससे कई ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर भगदड़ मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागे।





### वाहन से भरी निकली देसी शराब

ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय जिस वाहन का इस्तेमाल ग्रामीणों को कुचलने के लिए किया गया, उसमें देसी शराब की पेटियां लदी हुई थीं। यही शराब आसपास के गांवों में पैकारी के जरिए बेची जाती है। गुरुवार को भी सुबह जब कार से शराब गाँव पहुंची तों उसका विरोध किया गया जिस कारण शराब ठेकेदार तेवरी निवासी मंचू असाठी के गुर्गो ने ग्रामीणों पर कार ही चढ़ा दी, जिससे रम्मू कोल, हरिओम नाई, ललित दुबे ओर विपत राज यादव गंभीर रूप से घायल हो गये।

### हंगामें के बाद पहुंची पुलिस, बनी गहमा गहमी की स्थिति

मामले की जानकारी मिलते ही स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें जहाँ पुलिस ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ओर ग्रामीणों के बीच काफ़ी देर तक गहमा गहमी बनी रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस के संरक्षण पर ही अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है। शराब ठेकेदार मंचू असाठी पुलिस को मोटी रकम देता है।

संसारपुर और आसपास के गांवों मै अवैध पैकारियो को बंद कराने कई बार प्रशासन और पुलिस को शिकायत की गई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।शराब के कारण गाँव की युवा पीढ़ी नशे लत में आ रही है, जिससे उनका जीवन बर्बाद हो रहा है। मंगलवार की रात जब शराब को लेकर विवाद हुआ तों बुधवार को स्लीमनाबाद थाने रिपोर्ट लिखाने गाँव के ग्रामीण गये लेकिन स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखी गई।

गुरुवार को जब फिर बोलेरो से शराब गाँव लाई गई तों उसका ग्रामीणों ने विरोध किया, जिसके बाद गाड़ी के ड्रायवर ने तांडव मचाया ओर कार से ग्रामीणों को कुचल दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम पैकारी होती है और ठेकेदार की दबंगई लगातार बढ़ती जा रही है।

### 4 घंटे चला विरोध प्रदर्शन

ग्रामीणों ओर स्लीमनाबाद पुलिस के बीच 3 से 4 घंटे तीकी नोकझोंक हुई। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती,विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। शराब ठेकेदार मंचू असाटी और उसके गुर्गों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, तभी विरोध आंदोलन शांत होगा। हालांकि पुलिस लोगो को शांत कराने का भरकस प्रयास करती रही लेकिन ग्रामीण नहीं माने तब थाना प्रभारी ने बोलेरो गाड़ी से शराब की पेटियां जब्त की ओर आरोपियों को पकडकर कार्रवाई करने की बात कही तब जाकर मामला शांत हुआ।

### शराब ठेकेदार फरार, दो आरोपी गिरफ्तार

संसारपुर में शराब को लेकर गुरुवार को हुए हंगामें के बाद स्लीमनाबाद पुलिस ने 12 पेटी शराब बोलेरो कार से जब्त करते हुए दो आरोपी नीलेश जायसवाल व पिंटू कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार की देर शाम पुलिस ने शराब मामले पर शराब ठेकेदार सुनील मंचू असाठी व नीलेश जायसवाल व पिंटू कुशवाहा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 324, 3 व 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्द किया गया। हालांकि अभी पुलिस की गिरफ्त से शराब ठेकेदार मंचू असाठी फरार है।

थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बतलाया कि जल्द ही सुनील मंचू असाठी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

---

**कथाव्यास ने कहा संकट के समय भगवान ही रक्षा करते हैं**

# कलश शोभायात्रा के साथ हरिदास मंदिर में सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद स्थित हरिदास मंदिर मे विश्व कल्याण की कामना को लेकर गुरुवार से सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारम्भ हो गया। भव्य कलश शोभायात्रा निकली जो पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पहुँची। शोभायात्रा में कन्याएं व महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर रामनाम की धुन शोभायात्रा मैं गूंज रही थी। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, केशव दुबे, नरेंद्र दुबे, जयदीप त्रिपाठी, गोविंद दुबे,नितिन अग्रहरी, आदित्य दुबे,बब्बर यादव,गिरानी यादव, नीलेश यादव,कत्तू झरिया, सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धांलुओं की उपस्थिति रही। सप्ताह ज्ञान यज्ञ मैं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन शुरू हुआ।कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जा रहा है।



प्रथम दिवस कथावाचक ने उपस्थित जनमानस को बताया कि भक्त निरंतर भक्ति करते हुए भगवान के भरोसे हो जाए तो संकट में भगवान ही उसकी रक्षा करते हैं। हमेशा भगवान के चरणों से जुडक़र रहो, संकट के समय यह पक्का आधार अवश्य काम आएगा। जिस तरह भक्तिमयी मीरा ठाकुरजी को आधार मानकर विष का प्याला पी गई थी तो भक्ति के आधार ने ही उसकी रक्षा की थी। जिस दिन प्रभू से मिलना होगा, उस दिन सहज मुक्ति मिल जाएगी। सांसारिक जीवन में एक ओर दुःख-संताप का सागर दिखाई देता हैं तो दूसरी ओर अधिक धन-सम्पत्ति पाने की लालसा। जो संत के संताप अपनी ओर खींचे, वह सच्चा गुरू है। जो धर्म की राह पर धन-संपत्ति अपनी ओर खीचें, वह अधर्मी मात्र है।

---

**शिक्षा के साथ रोजगार की ओर भी कदम बढ़ाएं विद्यार्थी**



शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थी रोजगार स्थापित कर स्वालम्बी बनने की दिशा मे आत्मनिर्भर बन परिपक्व बनने की ओर कदम बढ़ाए तभी शिक्षा की सार्थकता सही होगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालय स्तरों पर रोजगारनमुखी प्रशिक्षण समय समय पर आयोजित करती है। जिससे विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रोजगार की ओर बढ़े। उक्त बातें प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे प्रारम्भ हुए 21 दिवसीय रोजगारन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम मे कही। प्रशिक्षण की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ शैलेन्द्र जाट ने बतलाया कि महाविद्यालय मैं छात्र- छात्राओं को अल्पावधि रोजगारनमुखी प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तहत दिया जा रहा है,जो 21 दिवस तक चलेगा। छात्र -छात्राओं को फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइनिंग में यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वामा टेक कंप्यूटर डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट कटनी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

---

# अलग अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को किया गया गिरफ्तार, डेढ़ किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा पुलिस ने अलग अलग स्थानों में दो व्यक्तियों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में की गई है। थाना प्रभारी एसआई केके पटैल ने बताया कि अवैध रुप से मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा भ्रमण कराया जा रहा है। गत दिवस सउनि रामनाथ साकेत के द्वारा दौरान भ्रमण के ग्राम निगहरा मोड़ के पास पहुचा जो रोड किनारे बने यात्री प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति पन्नी रखकर बैठा था जो पुलिस को देखकर अचानक घबरा गया और पन्नी लेकर भागने लगा। संदिग्ध प्रतीत होने पर पकड़कर उसका नाम पता पूछा। उसने अपना नाम राजू प्रजापति पिता सुखलाल प्रजापति 40 साल निवासी ग्राम निगहरा का होना बताया। युवक के पास से 1 किलो 378 ग्राम गांजा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई ।



इसी प्रकार सउनि महेस प्रताप सिंह को द्वारा दौरान भ्रमण ग्राम कछारी मोड़ के पास रोड किनारे एक व्यक्ति पुलिस को सामने से आते देख घबरा गया और छिपने का प्रयास करने लगा जिसकी अवस्था संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोककर उसका नाम पता पूंछने पर अपना नाम महाजन पिता सुखलाल केवट 50 साल निवासी कछारी मोड़ का होना बताया। उक्त व्यक्ति पालीथिन में कुछ सामान रखा था जो पुलिस को देख कर अपने पीछे तरफ गमछे में छुपाकर वहीं बैठ गया जिसकी तलाशी लेने पर 261 ग्राम गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। दोनो व्यक्तियों को गिरप्तार कर न्यायालय कटनी पेश किया गया।

---

**23 अगस्त को कटनी में आयोजित होगा माइनिंग कान्क्लेव**

# माइनिंग कॉन्क्लेव दो हजार से अधिक निवेशक एवं उद्योगपति होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शनिवार 23 अगस्त को कटनी में भव्य माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन होने जा रहा है। इस कॉन्क्लेव में 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। जिसमें प्रमुख निवेशक, उद्योगपति, नीति निर्माता, शोधकर्ता और शिक्षाविद शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य राज्य के समृद्ध खनिज भंडारों का उपयोग करते हुए खनन क्षेत्र में नए निवेश और नवाचार को बढ़ावा देना है।

### कॉन्क्लेव की थीम

कॉन्क्लेव में खनन अपशिष्ट को मूल्यवान संसाधनों में बदलने, खनिजों का उपयोग कर डाउनस्ट्रीम उद्योगों का विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग, स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा की जायेगी।

### माइनिंग कॉन्क्लेव की मुख्य विशेषताएं

इस कॉन्क्लेव में खनन और प्रौद्योगिकी में शोध के लिए टेक्समाइन आईआईटी आईएसएम (TEXMIN-IIT ISM) धनबाद और आईआईएसईआर (IISER) भोपाल जैसे संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। क्रिटिकल मिनरल्स में सहयोग बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ भी एमओयू होगा। उद्योग विशेषज्ञ खनिज-आधारित उद्योगों, बेनिफिशिएशन (खनिज संवर्धन) और उन्नत तकनीकों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें करेंगे, ताकि राज्य में निवेश के अवसरों को प्रोत्साहित किया जा सके।

इसके अलावा खनन क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप्स, खनिज संवर्धन संयंत्र और मशीनरी निर्माता कंपनियां भी इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। यह कॉन्क्लेव मध्य प्रदेश को देश में जिम्मेदार और टिकाऊ खनन के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस आयोजन से न केवल निवेश आकर्षित होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### उद्योगों के लिए असीम संभावनाएं

मध्यप्रदेश तांबा, मैंगनीज, चूना पत्थर, बॉक्साइट, डोलोमाइट, मार्बल, बलुआ पत्थर और औद्योगिक खनिजों से भरपूर है। जो खनिज आधारित उद्योगों के लिए असीम संभावनायें प्रस्तुत करता है। अपनी रणनीतिक स्थिति और मजबूत औद्योगिक नेटवर्कों की वजह से मध्यप्रदेश जिम्मेदार और नवाचार आधारित खनन का एक तेजी से उभरता हुआ केन्द्र बन रहा है।

---

**जैविक कृषि विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को दी तकनीकी जानकारियां**

# जीरो बजट फार्मिंग कम लागत का दिया गया तकनीकी का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार में गुरूवार को विद्यार्थियों को जीरो बजट फार्मिंग कम लागत तकनीकी से अधिक उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिये गये प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि जैविक खेती पद्धति कोई नई पद्धति नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की पारंपरिक पद्धति है। जिसे आधुनिक विज्ञान के समन्वय से पुर्नप्रतिपादित किया गया है। फसलों को कीट व्याधियों से बचाने हेतु रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग किया जाता है इनके अव्यस्थित एवं अत्यधिक प्रयोग के कारण अनेकों समस्याएं जैसे महामारियों तथा कीटों की पुनः उत्पत्ति भोजन, जल, वायु एवं मृदा में विष का अवशेष प्राकृतिक मित्र कीटों की हानि और पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है।



जैविक फसल पद्धति में गोबर कंपोस्ट, नाडेप टांका खाद, फसल अवशेष प्रबंधन, हरी खाद, कार्बनिक खादें, केंचुआ खाद, यांत्रिक खेती एवं जैविक कीटनाशकों के प्रयोग तथा फसल चक्र मिश्रित खेती, बहु फसलीय कृषि प्रणाली, अंतरवर्तीय कृषि के प्रयोग पर निर्भर करती है। जिससे भूमि की उत्पादकता तथा उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है। इससे खाद्य पदार्थ भी विष रहित रहकर अधिक सुपाच्य स्वादिष्ट तथा गुणकारी होते हैं। खेती के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग भूमि का आवश्यक एवं जीवंत उपयोग प्राकृतिक समझबूझ पर आधारित कृषि क्रियाएं जैविक प्रणाली पर आधारित फसल सुरक्षा एवं पोषण भूमि में टिकाऊ उर्वरता उचित पोषित खाद्य उत्पादन तथा पर्यावरणीय मित्रवत प्रौद्योगिकियों द्वारा अधिकतम खाद्य उत्पादन करना है।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न जैविक खाद तथा कीटनाशकों के निर्माण एवं गोबर, गोमूत्र का फसल में उपयोग की तकनीकी जानकारी दी गई।

### 'संपूर्ण सुकन्या जिला' बनाने हेतु प्रभावी कार्यवाही शुरू

भारत सरकार के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत प्रदेश की बालिकाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त सशक्त बनाने के उद्देश्य से डाक विभाग द्वारा 0 से 10 वर्ष तक की सभी पात्र बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोला जाना है। इस हेतु 30 सितंबर तक 'सुकन्या रक्षा अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले को 'संपूर्ण सुकन्या जिला' बनाने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव से वरिष्ठ डाक अधीक्षक आशीष कुमार श्रीवास्तव ने प्रभावी पहल करने का आग्रह किया है और संबंधित महिला एवं बाल विकास, महिला सशक्तिकरण और स्कूल शिक्षा विभाग को समुचित दिशा-निर्देश प्रदान करने का आग्रह किया गया है। कलेक्टर से आग्रह किया है कि वे आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कम से कम 10 सुकन्या खाते खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया जाय। इससे जिले की सभी पात्र बालिकाओं को योजना का लाभ मिल सकेगा।

---

# उल्टा तिरंगा फहराने पर एक कर्मचारी हुआ निलंबित, दूसरे को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ क्षेत्र में स्थित प्राचीन किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान झंडे को उल्टा फहराने पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दो कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई है। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की जिम्मेदारी एसडीएम विजयराघवगढ़ द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपखंड, विजयराघवगढ़ को सौंपी गई थी। इस दौरान, ध्वजारोहण के लिए झंडा बांधने के काम में लापरवाही के कारण झंडा उल्टा बंध गया, जिससे कार्यक्रम में अप्रिय स्थिति पैदा हो गई।

इसके लिए झंडा उल्टा बांधने वाले भृत्य अजय मरोने को दोषी पाया गया है। जिसके बाद मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए, मरोने को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान, उनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। इसके अतिरिक्त, इसी मामले में एक और कर्मचारी, ब्रजेश कुमार निगम, जो कि दैनिक वेतन भोगी समयपाल हैं, को भी लापरवाही का दोषी पाया गया है। इस लापरवाही पर श्री निगम को मध्यप्रदेश राजपत्र 30 मई, 2013 के प्रावधानों के अनुसार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तों में विहित प्रावधानों में वर्णित गंभीर कदाचरण के लिए कर्मचारी को सेवा से हटाये जाने का दंड प्रावधानित किया गया है। इसके तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जिले में माइनिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट खोलने मांग

**कटनी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं सांसद वी. डी. शर्मा से कटनी में आईआईटी धनबाद की तर्ज पर माइनिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट स्थापित करने की मांग की है। श्री मिश्रा ने कहा कि इस संस्थान में बीटेक माइनिंग के साथ एमटेक और पीएचडी की पढ़ाई कराई जाए, ताकि पूरे मध्यप्रदेश में खनन से जुड़ा शोध कार्य इसी संस्थान से संचालित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस रिसर्च इंस्टिट्यूट के माध्यम से यह तय करने में मदद मिलेगी कि प्रदेश में नये उद्योग कहां स्थापित किए जा सकते हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा यदि कटनी में यह संस्थान स्थापित होता है तो कटनी सहित पूरे मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और माइनिंग सेक्टर में नए अवसर भी पैदा होंगे।

### 19 दुकानदारों को नोटिस, बकाया किराया जमा नहीं करने पर लीज होगी निरस्त

**कटनी।।** नगर निगम राजस्व विभाग ने बकाया किराया वसूली की कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन के पास स्थित वाणिज्यिक केंद्र, वेंकट लायब्रेरी और ईश्वरीपुरा वार्ड की कुल 19 दुकानों के किरायेदारों को बकाया किराया नहीं चुकाने पर नोटिस जारी किया गया है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि यदि 7 दिवस के भीतर किराया जमा नहीं किया गया तो दुकानों में तालाबंदी कर लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी और दुकानें पुनः नगर निगम के स्वामित्व में ले ली जाएंगी। नगर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे समय पर किराया व कर राशि जमा करें, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके और नगर विकास में सहयोग कर सकें।

### मच्छरों पर नियंत्रण हेतु चला फॉगिंग अभियान

**कटनी।** मौसम में हो रहे बदलाव के दौरान डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष फॉगिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत निगम की फॉगिंग मशीनों के माध्यम से विगत दिवस इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 एवं रफी अहमद किदवई वार्ड क्रमांक 16 में वार्ड पार्षद एवं दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न गलियों, मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थलों पर रासायनिक धुआँ छोड़ा जाकर मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयास किए गए। निगमायुक्त श्री दुबे ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से फॉगिंग कार्य किया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों एवं आसपास के स्थलों, कूलरों आदि में पानी न ठहरने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें।

### नगर की सफाई व्यवस्था के लिए ननि प्रयासरत

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के प्रयास किये जा रहे है। सफाई मित्रों द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं वार्डों में नियमित सफाई कार्य किया जा रहा है। साथ ही नालियों की सफाई, कचरा उठाव और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर में रोजाना दो शिफ्ट में की जा रही सफाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को दुगाडी नाला पुलिया के ऊपर मार्ग के किनारे नालियों में जमा मिट्टी एवं अपशिष्ट की कटाई की जाकर खरपतवार की छटाई का कार्य किया गया।वहीं खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज के नीचे, चांडक चौक, पुल सहित मिशन चौक से गांधी द्वार, सुभाष चौक, गोल बाजार, बस स्टेण्ड परिसर, यात्री प्रतिक्षालय, झंडा बाजार, मैकेनिक लाईन, कनकने स्कूल प्रांगण, उपनगरीय क्षेत्र डबीं होटल के आसपास सहित मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई का कार्य किया गया। निगमायुक्त श्री दुबे ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं।

---

रेत, ईट, गिट्टी सहित अन्य सामान का किया जा रहा परिवहन, जिम्मेदार बेपरवाह

# कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रेक्टरों का बेरोकटोक हो रहा व्यवसायिक उपयोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**



खेती-किसानी कार्य के लिए पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में भवन निर्माण सामग्री को ढोया जा रहा है। ये ट्रैक्टर और ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं, लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है।तहसील मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्रालियों में रेत, ईंट, गिट्टी, छड़ आदि का परिवहन करते देखा आए दिन जा सकता है। परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक बेखौफ होकर सामान ढोने का व्यापार चला रहे हैं।

कृषि के क्षेत्र में विकास के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली को उपयोग में लाया गया है, लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में कृषि कार्यों के लिए उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसाय करने में लग गए हैं। ट्रैक्टर मालिकों के पास रेत व भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए कागजात नहीं है और न ही किसी भी प्रकार का फिटनेस चेकअप करवाते हैं। इनके पास देखा जाए तो जो व्यक्ति ट्रैक्टर चलाते हैं, उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं होता है। ट्रैक्टर और ट्रॉली से कृषि कार्य की आड़ में धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। थाना के सामने से होकर ग्रामीण अंचलों की सड़कों में बेखौफ होकर दौड़ाते हैं। जिस पर संबंधित विभाग लगाम नहीं कस पाया है। अधिकतर बिना कागजात, लाइसेंस और बिना किसी खौफ के ट्रैक्टरों में सीमेंट, रेत, ईंट, गिट्टी, मुरम, छड़, पानी का टैंकर आदि ढोया जा रहा है। सड़कों में रेत को गिराते हुए चलते हैं, जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है। इससे कभी भी दुर्घटना घटने की आशंका बढ़ जाती है।

### नौसिखिए व नाबालिग चला रहे

ग्रामीण अंचल में नौसिखिए ट्रैक्टर चलाते हैं।ऐसे नौसिखिए के पास लाइसेंस भी नहीं होता। गांव की सड़कों पर तेज गति से दौड़ाते हैं, जिससे अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। बीते वर्षों में कई इन ट्रैक्टर ट्राली से घटनाएं घटित हो चुकी है।

वही कृषि कार्य के उपयोग में आने वाले ट्रैक्टरों का पिटनेस चेक नहीं करवाते हैं। ऐसे में कंडम और खटारा ट्रैक्टरों को भी भवन निर्माण सामग्री ढोने, कृषि कार्य करने के लिए किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसे ट्रैक्टर मालिकों के उपर कार्रवाई करना चाहिए। वही एक ओर कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का व्यावसायिक उपयोग होने से एक ओर जहां शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो रही है, वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा इस ओर नियमित कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई ट्रैक्टरों का लोग बीमा नहीं कराते हैं ऐसे में दुर्घटना के बाद लोगों बीमा क्लेम के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया का कहना है कि कृषि कार्य के लिए पंजीकृत टैक्टरो से यदि कमर्शियल उपयोग मे लाया जा रहा है तो यह गलत है। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहनों की जाँच पड़ताल कर जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

---



# धोखाधड़ी के आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान**

धोखाधड़ी के आरोपी को उमरियापान पुलिस ने चंद घण्टों में गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने उमरिया जिले के मानपुर गांव से आरोपी को दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहा से उसे जेल भेजा गया। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के घुघरी निवासी प्रमोद चौधरी 32 के साथ जबलपुर जिले के गोसलपुर थाना अंतर्गत कैलवास उमरिया निवासी रामसंजीवन उर्फ शंकर बर्मन पिता घनश्याम बर्मन 35 ने बातों में फंसाकर टीवीएस मोटरसाइकिल, रेडमी कंपनी का मोबाइल और नगदी चार हजार रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के उमरिया जिले में होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस की एक टीम उमरिया पहुचीं। पुलिस ने उमरिया जिले के मानपुर से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल, मोबाइल व नगदी रुपये भी बरामद किया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी,कार्यवाहक एसआई भारत सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, आशीष झारिया, अजय सिंह, आरक्षक नीलेश पटेल, रोहित झारिया, मोहन मुबेल, जगन्नाथ सिंह, योगेश पटेल, अनिल पांडेय, सत्येंद्र चौरसिया, सैनिक संतोष दुबे और देवेन्द्र बाजपेयी की सराहनीय भूमिका रही।

---

किसानों की शिकायत पर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी खबर

# मूंग व उड़द उपार्जन कार्य में मनमानी एवं किसानों के साथ अभद्रता पर खरीदी प्रभारी को किया निलंबित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा**


शिवरजिया उपार्जन केन्द्र प्रभारी पर किसानों ने लगाए गंभीर आरोप, जांच कार्यवाही की मां

अधिकारियों की सरपरस्ती में खरीदी प्रभा

कर रहा मनमानी, आंदोलन की चेतावनी

ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द खरीदी कार्य में मनमानी एवं किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले शिवरजिया वेयर हाउस के खरीदी प्रभारी लखन पटैल को निलंबित कर दिया गया है। खरीदी प्रभारी की मनमानी की शिकायत पर हरिभूमि ने 26 जुलाई 2025 को 'अधिकारियों की सरपरस्ती में खरीदी प्रभारी कर रहा मनमानी, आंदोलन की चेतावनी' शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर किसानों की समस्या का मुद्दा उठाया था।

गौरतलब है कि शिवरजिया वेयर हाउस में मूंग उड़द की खरीदी प्रभारी लखन पटेल के द्वारा किया जा रहा था जिसमे नियम कानूनों को दरकिनार कर खरीदी करने के साथ ही किसानों की उपज को अमानक स्तर का बताकर परेशान किया जा रहा था। इसके अलावा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा था जिसकी जानकारी भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदधिकारियों को लगी तो उन्होंने खरीदी केंद्र जाकर मौके पर जानकारी हासिल की ततपश्चात अधिकारियों के समक्ष किसानों को खरीदी प्रभारी लखन पटेल द्वारा परेशान किये जाने व अभद्रता करने की शिकायत की गई थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए बहुउद्देशीय सहकारी समिति विलायत कला में पदस्थ विक्रेता लखन पटैल को ग्रीष्मकालीन मूंग/उड़द खरीदी के दौरान उपार्जन केंद्र पर किसानों के साथ अभद्र व्यवहार और अन्य गंभीर आरोपों के चलते अधिकारियों द्वारा निलंबित किया गया है। ये आरोप भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों द्वारा लगाए गए हैं।

लखन पटैल का यह आचरण आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी आदेश क्र मां क / सा ख / वि धि / 33/2013/2046 भोपाल दिनांक 30/08/013 के अध्याय (6) के नियम 23 गंभीर दुराचरण की कंडिका (vii), (viii), (xiv) एवं नियम 24 साधरण दुराचरण की कंडिका (ix) के अंतर्गत आता है। आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं मध्य प्रदेश का आदेश क्रमांक/साख/विधि/2019/3636 भोपाल दिनांक 1/11/019 के अध्याय (6)की कंडिका 27 में प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए राहुल तिवारी समिति प्रवन्धक विलायतकला ने लखन पटैल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान लखन पटैल नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते के पात्र होंगे और उनका मुख्यालय समिति कार्यालय होगा।

---

## मोगली महोत्सव के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में गुरूवार को शाला स्तर की मोगली उत्सव प्रतियोगिता के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कनिष्ठ वर्ग में पांच छात्र-छात्राओं ने एवं वरिष्ठ वर्ग में 37 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया ।प्रतियोगिता मोगली प्रभारी श्रीमती आरती तिवारी के नेतृत्व में संपन्न कराई गई ।विद्यालय प्राचार्य चंदन सिंह धुर्वे ,वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया, अरविंद तिवारी, करण सिंह ठाकुर, मोहन निगम अनामिका सोनी ,सरिता शर्मा, महेन्द्र नारायण मिश्रा, लाल बहादुर सोनी, ओंकार प्रसाद दुबे, संजय कोल, हेमलता जयपुरिया, आशिका महोबिया, रश्मि सिंह,प्रतीक सिंह, ज्ञानेंद्र हल्दकर ,शिवानी यादव, अंकिता सिंह, तनिष्का सिंह,सीता लोहार , विभा द्विवेदी, मधुबाला गर्ग,अनिल अरकरे, निधि चडार ,मनीष विश्वकर्मा, सुशील भूमिया, धर्मपाल बैगा आदि उपस्थित रहे। शासकीय हाइस्कूल मझगवां में भी शाला स्तर की मोगली उत्सव प्रतियोगिता के अंतर्गत निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य श्रीमति रचना तिवारी के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रचना तिवारी ,अर्चना तिवारी, आशा तिवारी,कीर्ति वर्मा, पंकज कोरी,राजकुमार सिंह, कैलाश की उपस्थिति रही।

---

# डोर-टू डोर पहुंच किया जा रहा डुप्लीकेट समग्र आईडी के डिलीशन का कार्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर के समस्त नागरिकों का समग्र पोर्टल पर समग्र आधार ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत सर्वे दल के वार्ड दरोगा एवं टैक्स कलेक्टर द्वारा डोर टू डोर पहुचकर नागरिकों की समग्र आई.डी का आधार से लिंक होनें की जांच कर छूटे हुए नागरिकों की समग्र आईडी बनाई जाकर अन्य किसी तरह की डुप्लीकेट आई.डी पाए जानें पर उनको डिलीट करनें तथा स्थल परिवर्तन आदि की जानकारी को भी अद्यतन करने की कार्यवाही की जा रही है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नागरिकों से अपील की है कि वे निगम प्रशासन द्वारा की जा रही इस कार्यवाही में सहयोग प्रदान करते हुए सर्वे दल को सही एव स्पष्ट जानकारी प्रदान करें। अन्यथा की स्थिति में गलत जानकारी देने पर डुप्लीकेट समग्र आई.डी डिलीट करने की कार्यवाही की जायेगी जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित की होगी। उल्लेखनीय है कि शासन निर्देशानुसार आगामी माह में शासन द्वारा केवल आधार लिंक्ड समग्र आई डी को ही आधार इनेबल्ड पेमेंट के माध्यम से शासकीय योजनाओं का हितलाभ वितरण किया जाना प्रस्तावित किया गया है। अतः जिन नागरिकों द्वारा अभी तक अपना समग्र आधार ई केवाईसी नहीं करवाया है, वे अतिशीघ्र सर्वे दल के माध्यम से समग्र से आधार की ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।

---

नगर निगम द्वारा 19 दुकानदारों को जारी किया गया नोटिस

# 7 दिवस में बकाया राशि जमा नहीं करने पर होगी लीज निरस्तीकरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष के बकाया करो की वसूली हेतु निर्धारित लक्ष्य के प्रयास तेज कर दिए गए है। इन्हीं प्रयासों के तहत रेल्वे स्टेशन समीप स्थित वाणिज्यिक केन्द्र, सहित वेंकट लायब्रेरी तथा ईश्वरीपुरा वार्ड के कुल 19 दुकानों के किरायेदारों द्वारा उन्हें आवंटित दुकानों का बकाया किराया जमा नहीं करना उस समय मंहगा पड़ा जब राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने किरायेदारों के उक्त कृत्य को अनुबंध पत्र में वर्णित प्रावधानों के विपरीत मानते हुए 7 दिवस के अंदर बकाया किराया राशि निगम कोष में जमा करनें हेतु सूचित किया।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा जारी सूचना पत्र में संबंधित 19 किरायेदारों को निर्धारित समयावधि में बकाया किराया राशि जमा नहीं करने की स्थिति में दुकानों की लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही करते हुए दुकानों को वापस निगम स्वामित्व में लेने की कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने का लेख किया गया है।

### इन्हे जारी हुआ नोटिस

राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा वाणिज्यिक केन्द्र के जिन 19 किरायेदारों को सूचना पत्र प्रेषित किया गया है। उनमें पुरूषोत्तम गुप्ता दुकान क्रमांक 7 पर 1 लाख 45 हजार 491 रूपये किराया राशि बकाया है। इसी तरह संतोष छेल बिहारी दुकान क्रमांक 8/2 पर 75 हजार 33 रूपये, अनिल कुमार गुप्ता आत्मज घनश्याम दुकान क्रमांक 8/1 पर 73 हजार 300, शशांक माखीजा आत्मज रमेश दुकान क्रमांक 32 पर 65 हजार 300, संतोष कुमार शुक्ला आत्मज नारायण दुकान क्रमांक 9/1 पर 46 हजार 445, श्रीमती रजनी देवी एवं मीना दुकान क्र. 25 पर 10 हजार 247, रामचंद्र दुकान क्रमांक 21 पर 10 हजार 247, पलक खटवानी विकास खटवानी दुकान क्रमांक 22 पर 10 हजार 247, किरण भाटिया दुकान क्रमांक 8 पर 10 हजार 470, अभिषेक एस.के.साहनी दुकान क्रमांक 6 पर 10 हजार 486 रूपये नमन राजकुमार अग्रवाल दुकान क्रमांक 16 पर 13 हजार 940, रवि कुमार होतवानी दुकान क्रमांक 43 पर 14 हजार 302, प्रकाश हिंदूजा दुकान क्रमांक 11 पर 12 हजार 289, मनीष सिंह, राजेश दुकान क्रमांक 40 पर 14 हजार 508, रवि खटवानी दुकान क्रमांक 24 पर 14 हजार 687 रूपये बकाया है।

इसी तरह वेंकट लायब्रेरी स्थित शांति देवी भैयालाल दुकान क्रमांक 25 पर 60 हजार 701, शैलेन्द्र, सुदामा विश्वकर्मा दुकान क्र. 24 पर 3 लाख 92 हजार 947, दिनेश कुमार विश्वकर्मा दुकान क्रमांक 28 पर 36 हजार 596 रूपये दुकान किराया राशि बकाया है। जबकि ईश्वरीपुरा वार्ड स्थित दुकान नंबर 3 के मनीष प्यासी पर 21 हजार 515 रूपये किराया राशि बकाया है।

---

मिट्टी के गणेश बनाने दिया प्रशिक्षण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

# प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियों को मिली नई दिशा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान**



मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड ढीमरखेड़ा द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों,नवांकुर सखी एवं सखा की सक्रियता हेतु एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पिपरिया सहलावन स्थित रामकुंडी आश्रम में किया गया।

विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने आयोजित बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता और जिम्मेदारियों पर जोर दिया।उन्होंने प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों से कहा कि प्रस्फुटन ग्रामों में समितियों के द्वारा समन्वय से सक्रियता पूर्वक कार्य करना है जिसमें परिषद द्वारा दिए गए विषयों के अनुसार जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करना है। इस मौके पर ग्राम समग्र विकास को लेकर विभाग पर्यावरण प्रमुख ब्रजेश पटेल ने उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया कि ग्राम विकास के आयामों प्रस्फुटन समितियों को रचनात्मक सोच के साथ हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए सक्रियता पूर्वक प्रयास करना है।जिससे ग्राम विकास के लिए सभी लोग अपने अधिकारों की तरह अपने कर्तव्यों को भी महत्व दें।इसके अलावा उन्होंने वर्तमान परिवेश में ग्राम विकास में युवाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ.तेजसिंह केशवाल ने निर्धारित विषयों पर चर्चा करते हुए समितियों के कार्य,दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।ग्रामों में संचालित संस्कार केन्द्रों में बच्चों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक संस्कारों का निर्माण करना है। बड़ों के प्रति सम्मान का भाव,अच्छे बुरे का ज्ञान, योग, आसनों की जानकारी, सम्मान, शिक्षा, स्वच्छता,स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति उनकी जवाबदारी का ज्ञान कराना है। प्रस्फुटन समितियों द्वारा ग्राम विकास के मूलभूत विषयों पर स्वयं अपना कौशल बढ़ाते हुए ग्राम में भी एक सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

राजेश ब्यौहार ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु व्यक्ति किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। पूर्व तैयारी,संसाधनों को लेकर जानकारी दी।भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने उपस्थित प्रतिनिधियों से कहा कि वे यहाँ से प्राप्त किए गए प्रशिक्षण का प्रयोग स्वयं अपने जीवन में करते हुए ग्रामों में अवश्य करें।ताकि समाज में भी बदलाव हो। पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह ने उपस्थित जनों को शिक्षा के महत्व को लेकर महत्पूर्ण जानकारी दी।इसके साथ अपने अंदर एक अच्छे व्यक्तिव का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया।

### माटी गणेश अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण

मिट्टी कलाकार गीता चक्रवर्ती ने माटी गणेश ,सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत प्रतिभागियों को मिट्टी के गणेश बनाने संबंधी प्रशिक्षण दिया। उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करके कार्यशाला स्थल पर स्वयं अपने हाथों से मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने योगदान का संकल्प लिया। इस मौके पर समाजसेवी विनोद साहू, राजेंद्र गर्ग, कैलाश साहू, दिनेश असाटी, अरविंद ब्यौहार, बहोरीबंद विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह,सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू, कोदूलाल हल्दकार, सुरेश दुबे, सत्येन्द्र सिंह, सुमित सिंह, विपेन्द्र नामदेव, पंकज नामदेव आदि की उपस्थिति रही।

---

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सौंपे दायित्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, मप्र शासन का विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा में भ्रमण कार्यक्रम 23 अगस्त शनिवार को प्रस्तावित है। नगरपालिक निगम को सौपी गई कार्य व्यवस्थाओं को समय में पूर्ण कराये जाने हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी कर अधिकारियों को दायित्व सौंपे है।

श्री दुबे द्वारा जारी आदेश अनुसार नगर निगम से संबंधित कार्य व्यवस्थाओं की चेकलिस्ट बनाकर समय पर अपने निर्देशन में पूर्ण कराने का दायित्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन को सौंपा है।

इसी क्रम में हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक पहुँच मार्ग के सभी गड्ढों की मरम्मत हेतु प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल को तथा हेलीपेड में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था हेतु मृदुल श्रीवास्तव प्रभारी फायर नियंत्रण अधिकारी को दायित्व सौंपा है। वहीं हेलीपेड ,कार्यक्रम स्थल व मुख्य मार्गो में विशेष साफ-सफाई,चूने से रेखांकन,कीटनाशक छिड़काव, आवारा मवेशियों के नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य प्रभारी संजय सोनी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है।

### तय समय में करें व्यवस्था

इसी तरह हैलीपैड पहुँच मार्ग एवं मुख्य मार्गों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, डिवाइडर साफ-सफाई, रंगाई- पुताई,अस्थाई अतिक्रमण हटवाने के साथ नगरपालिक निगम कटनी से संबंधित योजनाओं आदि जानकारी का फोल्डर तैयार करने का दायित्व विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए सभी व्यवस्थाओं का समय-सीमा में पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

खबर संक्षेप

## गुनौर विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से की भेंट

**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने आज मंत्रालय भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट कर गुनौर विधानसभा क्षेत्र में आगमन के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. वर्मा ने मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अतिशीघ्र गुनौर विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगातें प्रदान की जाएंगी।

## जिला पंचायत में कार्यशाला आज

**पन्ना।** पंचायतों के समग्र विकास के प्रदर्शन के मापक रूप में अब पीएआई 2.0 को संपूर्ण देश में क्रियान्वित किया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2023-24 से संबंधित डेटा की पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 पोर्टल पर प्रविष्टि की जाना है। इस संबंध में जिला स्तर पर शुक्रवार, 22 अगस्त को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 12 बजे कार्यशाला आायोजित की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से सूचकांकों की जानकारी की पोर्टल पर प्रविष्टि के संबंध में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित रहने आग्रह किया गया है।

## केवल संबंधित अभ्यर्थी ही दर्ज करा सकेंगे दावा-आपत्ति

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की विभिन्न परियोजनाओं के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 13 तथा सहायिका के 328 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए कार्यवाही प्रचलन में है। विकासखण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा सत्यापन उपरांत परियोजना अजयगढ़, पन्ना शहरी एवं ग्रामीण, गुनौर व अजयगढ़ की अनंतिम चयन सूची एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर जारी की जा चुकी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि निर्धारित 7 दिवस में अनंतिम सूची के विरूद्ध पोर्टल पर दावा-आपत्तियां स्वीकार्य की जाएंगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को अनन्तिम चयन सूची जारी

**छतरपुर।** परियोजना अधिकारी म.बा.वि.परि. छतरपुर शहरी जिला छतरपुर विक्रम सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 74 वार्ड 30 व आंगनवाडी सहायिका पद हेतु आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 72 वार्ड 09, केन्द्र कमांक 85 वार्ड 39, केन्द्र कमांक 44 वार्ड 28, केन्द्र कमांक 65 वार्ड 22 में आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पूर्ति के लिए खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक पश्चात एमपीऑनलाईन द्वारा 20 अगस्त 2025 को पब्लिक डोमेन में अनंतिम सूची जारी की गई। उक्त जारी अनंतिम सूची के विरूद्ध 26 अगस्त 2025 तक दावा आपत्ति एमपीऑनलाईन चयन पोर्टल पर अभ्यर्थी द्वारा स्वयं 07 दिवस के अंतर्गत दावा या आपत्ति दर्ज की जा सकती है। दावा या आपत्ति केवल एमपीऑनलाईन पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे, यह केवल संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा ही दर्ज की जा सकता है, दावा या आपत्ति के समय आवेदिका द्वारा केवल आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों से संबंधित दस्तावेज ही प्रस्तुत किए जाएंगे तथा कोई भी नवीन दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होगा, किसी आवेदिका का कोई दस्तावेज अंक देने से छूटा हो तो दावा या आपत्ति दर्ज की जा सकती है। आवेदिका द्वारा अनंतिम मैरिट सूची में आये उम्मीदवार के विरूद्ध दस्तावेज प्रमाण प्रस्तुत किए जाने होगें।

### ग्राम सभा का बड़ा फैसला

# आनु गांव में पूर्ण शराबबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



आनू गांव में आयोजित ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में शराब बनाना बेचना और पीना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। इस निर्णय के तहत जो भी व्यक्ति शराब बिक्री करेगा। उस पर ग्यारह हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा जबकि शराब पीकर गांव का माहौल खराब करने वालों पर दो हजार एक सौ रुपये का जुर्माना बसूला जाएगा। यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति नहीं मानता है तो उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत ने इस निर्णय को लागू करने के लिए पुलिस के साथ मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। ग्राम वासियों को शपथ दिलाई गई कि वे पूर्ण शराबबंदी का पालन करेंगे और शराब सेवन करने वालों की सूचना पुलिस को देंगे। ग्राम पंचायत की इस पहल का उद्देश्य गांवों को नशे की गुलामी से मुक्त करना है लोधी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष हाकम सिंह ने बताया कि हलगज ग्राम पंचायत से शुरू हुई। नशा मुक्ति की मुहिम अब आनू ग्राम पंचायत तक पहुंच गई है आगामी दिनों में यह मुहिम रियाना और जुझार से होते हुए बल्लारपुर तक पहुंचेगी। बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि ग्राम वासियों और जनप्रतिनिधियों की पहल पर पूर्ण शराबबंदी का नियम बनाया गया है। पुलिस का पूर्ण सहयोग रहेगा और शराब बिक्री या शराबखोरी से गांव का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रदेश नशा मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष जगदीश सिंह ठाकुर ने बताया कि गांव में पूर्ण शराबबंदी के लिए लोगों को समझाइश दी जा रही है और शराब बिक्री करने वालों को पंचायत के निर्णय से अवगत कराया जा रहा है। इस पहल में ग्राम वासियों क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और पुलिस का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। इस दौरान दुर्गेश सीतू पंडा पप्पू सिंह जनपद सदस्य जगदीश यादव जनपद सदस्य आनु सरपंच देवी राय कड़ोरी सेन अनिल सिह राकेश सिंह भगवती मानव कल्याण संगठन सदस्यों जन प्रतिनिधियों सहित ग्राम वासियों की उपस्तिथि रही।

## गांव के हैंडपंप बंद, ग्रामवासी पानी के लिए परेशान



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मेहगुँवा खुर्द के ग्राम नंदपुरा में ग्रामीण जन पीने के पानी के लिए परेशान है नंदपुरा गांव के दो प्रमुख हैंडपंप एक हल्ले भाई के पास दूसरा तेजी सिंह के घर के पास बीते कई महीनों से पूरी तरह से बंद पड़े हैं, जिससे ग्रामवासियों को पीने के पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ये दोनों हैंडपंप महीनो से बंद पड़े हैं और अब तक किसी भी प्रकार का सुधार कार्य नहीं किया गया है। गांववासियों ने कई बार पीएचई विभाग के संबंधित अधिकारियों कर्मचारी फोन कर सूचना देनी चाही , लेकिन किसी ने भी कॉल रिसीव नहीं किया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और निराशा का माहौल है। स्थानीय निवासी हल्ले भाई ,देवीसिंह, सुनीता देवी, और कई अन्य लोगों का कहना है कि गर्मी और बारिश के इस समय में स्वच्छ पेयजल की भारी आवश्यकता है, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण सभी परेशान हैं। ग्रामवासियों की मांगः ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत करवाई जाए, ताकि उन्हें पीने के पानी की समस्या से राहत मिल सके। अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो ग्रामवासी सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्राम पंचायत सचिव राजेश तिवारी ने बताया की ग्राम के दो हैंडपंप कई महीनो से बंद पड़े हैं पीएचई विभाग के लोगों को फोन करते हैं तो कोई फोन उठाता नहीं यू के कुशवाहा पीएचई विभाग का कहना है कि आज ही कर्मचारियों को भेजकर दोनों हैंडपंपो का सुधार करवाते हैं किसी के द्वारा अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई थी नहीं तो अब तक सुधर होते गए ।

## 23 अगस्त को होगा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

**बनवार।** गौलोक धाम सेवा संस्थान द्वारा एक महत्वपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के पास गौलोक धाम धार्मिक स्थल पर 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे से होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पंडित तुलसीराम तिवारी ने बताया कि संस्थान द्वारा 8 वर्षों से लगातार पेड़ लगाए जा रहे हैं और इस बार भी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। जिला प्रशासन जन अभियान परिषद दमोह द्वारा इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया जाएगा। सभी प्रकृति प्रेमी, धार्मिक और सामाजिक लोगों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में भाग लें और वृक्षारोपण में अपना योगदान दें। यह आयोजन न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में मदद करेगा, बल्कि हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी एहसास कराएगा। आप सभी सादर आमंत्रित हैं और इस महत्वपूर्ण कार्य में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने के लिए आगे आएं।

## श्री झूलेलाल चालीसा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



समाज के द्वारा स्थानीय स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में चालीस दिन के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें नित आरती पूजा पाठ के साथ रोजाना धार्मिक रूपरेखा संचालित होती रही। 5 अगस्त मंगलवार शहजादा संत श्री लाल साई जी की अमृतवाणी सत्संग 19 अगस्त मंगलवार आध्यात्मिक सत्संग की अमृत वर्षा भजन कीर्तन एवं प्रार्थना संत श्री रामांणामल जी, संत श्री ठाकुर दास जी सतना मंडली द्वारा की गई, जनसमुदाय की खुशहाली के लिए पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष श्री झूलेलाल चालीसा का आयोजन परंपरागत रूप से किया गया, गीत संगीत का आयोजन किया गया। पाठ के चालीस दिन पूर्ण होने पर बुधवार को पंडित महेश शर्मा द्वारा बहिराणा साहिब की विधिवत पूजा अर्चना की गई। चालीसा अखंड ज्योत दर्शन, पल्लव पूजा, आरती अरदास के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं, बालिकाओं ने सिर पर कलश रखकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कलश यात्रा सिंधी कैंप, तीनगुल्ली, स्टेशन चौराहा, घंटाघर होकर पुरैना तालाब पावन तट पर पंडित महेश शर्मा द्वारा पल्लव पूजा के साथ संपन्ना हुई। इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया गया श्री पूज्य सिंधी समाज पंचायत दमोह, श्री श्री झूलेलाल सेवा समिति, श्री झूलेलाल मंदिर महिला सेवा समिति, एवं सिंधु सेवा ग्रुप दमोह एवं अन्य समितियां द्वारा व भक्तों ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया।

## टिप्पणी करने वाले के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित



**दमोह।** प्रदेश के अशोकनगर जिले में जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम में सागर वर्णी कॉलोनी निवासी संतोष कुमार पटना द्वारा इस युग के महान संतों पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है। गत दिवस सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी सार्वजनिक न्यास की बैठक दमोह स्थित जैन भवन कुंडलपुर कार्यालय मैं आयोजित की गई जिसमें अशोकनगर में जिज्ञासा समाधान में संतोष कुमार पटना वर्णी कॉलोनी सागर द्वारा संत शिरोमणि आचार्य गुरूवार श्री विद्यासागर जी महाराज एवं उनके पटटाचार्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज व अन्य मुनियों के ऊपर पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के संदर्भ में कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं बुधवार को दमोह शहर के गांधी चौक पर भी सकल जैन समाज व जैन पंचायत द्वारा पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सभी ने टिप्पणी करने वाले संतोष पटना की जमकर निंदा की। इस दौरान उसका पुतला बनाकर विरोध स्वरूप जूते चप्पल मारे गये। सभी ने नारेबाजी करते हुये पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया है।

## हर पंचायत में सामुदायिक भवन बनाए जायेंगेः राज्यमंत्री



**दमोह।** जबेरा विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बड़ा और मजबूत सामुदायिक भवन बनाने का मैने संकल्प लिया हैं, इसलिए मैं निरंतर भवन बनवाने का कार्य कर रहा हूं। विधानसभा में अभी तक 30 से अधिक भवन बन चुके और यह क्रम निरंतर जारी हैं। सरकार हर गरीब परिवार की चिंता कर रही हैं। इस आशय की बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत सगरा में 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा ग्राम सगरा के एक परिवार में 05 लोगों को किसान सम्मान निधि, 04 बहनों को लाडली बहना योजना एवं 03 लोगों को वृद्धा पेंशन का लाभ मिल रहा हैं, इस प्रकार 01 वर्ष में इस परिवार को 01 लाख 42 हजार रूपये का लाभ मिल रहा हैं।

## रक्तदान कर जीवन बचाएं ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विशाल रक्तदान महा अभियान का हुआ शुभारंभ, यह अभियान संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व बंधुत्व की ओर एक कदम बढ़ाए मानवता को बचाए उपलक्ष में पूरे भारतवर्ष के साथ-साथ नेपाल के भी अनेक ब्रह्माकुमारी के सेवा केंद्रो द्वारा 22 अगस्त से 25 अगस्त तक रहेगा। इस महा अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ 17 अगस्त को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा जी ने किया है, संस्थान के देश भर में स्थित 6000 से अधिक सेवा केंद्रो पर एक साथ 22,23, 24 और 25 अगस्त के बीच रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे इसी क्रम में ब्रह्माकुमारी पन्ना में 24 अगस्त को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया होगा।ब्रह्माकुमारी बहन ने कहां रक्तदान केवल एक सामाजिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि यह इंसानियत का सबसे बड़ा उपहार है एक यूनिट रक्त तीन से चार लोगों की जान बचा सकता है, दुर्घटनाओ बड़ी सर्जरी के दौरान रक्त की कमी जानलेवा साबित हो सकती है ऐसे में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले लोग अनगिनत जीवन बचाने में अहम भूमिका निभा

### नटखट कान्हा की बाल लीला को सुनकर श्रद्धालुजन हुए भाव विभोर

# श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अजीतपुर खमरिया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथावाचक उमाशंकर शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा के पांचवें दिन शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं के माध्यम से प्रेम को परिभाषित किया और सामाजिक बुराइयों को दूर करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। श्रद्धालु जमकर झूमे भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं पर कथावाचक उमाशंकर शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कथा के दौरान बाल-रूप कथा के प्रमुख प्रसंगों में शामिल हैंः श्रीकृष्ण का जन्म – कंस के कारागार में आधी रात को जन्म लेना, देवकी-वसुदेव की गोद से नंद-यशोदा के घर तक आगमन।पूतना वध – बाल रूप में ही श्रीकृष्ण का पहली बार राक्षसी पूतना का वध करना।शकटासुर एवं तृणावर्त वध – खेल-खेल में ही असुरों का अंत कर बालकृष्ण ने अपने अलौकिक स्वरूप का दर्शन कराया।माखन चोरी एवं गोपियों के संग लीलाएं – नटखट कान्हा का ग्वालबालों के संग माखन चुराना, गोपियों से शरारतें करना।यमलार्जुन उद्धार – दो वृक्षों के बीच फंसे बालकृष्ण द्वारा यमलार्जुन (नलकूबर और मणिग्रीव) का उद्धार। कालिया नाग का दमन – यमुना में विष फैलाने वाले कालिया नाग को नृत्य करते हुए पराजित करना।गोपियों के वस्त्रहरण लीला – गंगा स्नान कर रही गोपियों को आत्मज्ञान का उपदेश देना।गौचारण लीला – गायों के साथ वन में विचरण करते नंदलाल की सरलता एवं स्नेह की लीलाएं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया इस दौरान कृष्ण की लीलाओं पर आधारित गीतों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। भागवत कथा में आसपास के गांव से भी लोग पहुंच रहे हैं और कथा का आनंद ले रहे हैं। इस अवसर पर लोगों ने भगवान कृष्ण की लीलाओं को सुनकर भक्ति में डूब गए। कथावाचक उमाशंकर शास्त्री ने दिए महत्वपूर्ण संदेश- कथावाचक शास्त्री जी द्वारा उपस्थित श्रोताओं से कहा कि हमें पौधे लगाने चाहिए और बाल विवाह न करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कोरोना काल की याद दिलाते हुए कहा कि भरपूर पैसा देने के बाद भी लोग ऑक्सीजन नहीं खरीद पाए, जबकि परमात्मा ने यह हमें निशुल्क दे रखी है। उन्होंने लोगों से एक पौधा लगाने और अपने बच्चों की कानूनी सही उम्र में विवाह करने के लिए संकल्प लेने का आग्रह किया।

## आईडीएसप कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. अठया ने बताया कि आज आई.डी.एस.पी. कार्यक्रम के तहत जिला कार्यालय सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खसरा, काली खांसी, रूबेला, ए.एफ.पी. जैसी बीमारियों के संभावित मरीजों की समय से पहचान करना है, ताकि शुरूआत में ही इनकी रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय किये जा सके। प्रशिक्षण दौरान डब्ल्यू.एच.ओ. स्टेट हेड डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि अभी तक जिले अंतर्गत डब्ल्यू.एच.ओ. टीम द्वारा सर्विलेंस संबंधी गतिविधियां की जाती थी, लेकिन अब यह कार्य जिला आई.डी.एस.पी. टीम द्वारा किया जायेगा। उन्होने कहा कि ब्लॉक स्तर पर सी.बी.एम.ओ. को आई.डी.एस.पी. के तहत गतिविधियां संचालित करनी होंगी। सैम्पलिंग के दौरान पाये गये संभावित मरीजों की जानकारी जिला आई.डी.एस.पी. ईकाई को त्वरित प्रेषित करनी होगी। इसी प्रकार निजी नर्सिंग होम/पैथालाजी में यदि खसरा, काली खांसी, रूबेला, ए.एफ.पी. के संभावित मरीज सामने आते है, तो उसकी सूचना जिला आई.डी.एस.पी. ईकाई को त्वरित प्रेषित करनी होगी। प्रशिक्षण दौरान डब्ल्यू.एच.ओ. स्टेट हेड डॉ. अभिषेक जैन के अलावा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान, डब्ल्यू.एच.ओ. आर.आर.टी. कंसलटेंट डॉ. अंकिता जैन, एपिडिमियोलाजिस्ट डॉ. अकांक्षा भारद्वाज सहित ब्लॉक स्तर से सी.बी.एम.ओ., निजी नर्सिंग होम/पैथालॉजी से लैब टैक्नीशियन व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

## हॉकी फीडर सेन्टर में प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन 26 अगस्त को

**दमोह।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी सैफउल्ला खान ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेन्टर में प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन हेतु 26 अगस्त मंगलवार को प्रातः 09 बजे से हाकी एस्ट्रोटर्फ खेल परिसर, सिविल वार्ड स्टेडियम में ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इस हॉकी ट्रायल में 08 से 18 वर्ष तक आयु वर्ग के बालक/बालिका भाग ले सकते है। उन्होने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के हाकी एस्ट्रोटर्फ परिसर दमोह स्थित कार्यालय से आवेदन फार्म प्राप्त कर पंजीयन करा सकते है। आवेदन फार्म के साथ खिलाड़ियों को फोटो एवं जन्मतिथि प्रमाण पत्र एवं समग्र आईडी संलग्न करना अनिवार्य होगा। जन्मतिथि प्रमाण हेतु प्राचार्य/प्रधानाध्यापक से सत्यापित अंकसूची की प्रमाणित प्रति अथवा नगरपालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

## अधिवक्ताओं से आवेदन पत्र 19 सितम्बर तक

**दमोह।** सिविल जज वरिष्ठ खण्ड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के क्रियान्वयन हेतु जिला मुख्यालय दमोह में चीफ एल.ए.डी.सी 01 पद, डिप्टी चीफ एल.ए.डी.सी 02 पद, असिस्टेंट एल.ए.डी.सी 03 पद पर नियुक्ति हेतु अधिवक्ताओं से आवेदन पत्र 19 सितम्बर को समय सायं 05 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय दमोह में आमंत्रित किये गये हैं। उन्होने बताया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन, आवेदन का प्रारूप, घोषणा पत्र, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मॉडिफाईड स्कीम 2022 एवं एस.ओ.पी जिला न्यायालय की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# गायत्री शक्तिपीठ में नौ देवी प्राण प्रतिष्ठा के साथ हनुमान जी एवं काल भैरव की स्थापना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

गुरुवार को श्री गायत्री शक्तिपीठ में दिव्य वातावरण और श्रद्धा के साथ नौ देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा हनुमान जी एवं काल भैरव स्थापना के साथ कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। माँ गायत्री एवं परम पूज्य गुरुदेव जी वंदनीय माता जी की कृपा से श्री गायत्री शक्तिपीठ में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत 17 अगस्त को अन्नाधिवास, 18 अगस्त को पुष्पाधिवास 19, अगस्त को 20 अगस्त को फलाधिवास, का धार्मिक कार्यक्रम किए गए 21 अगस्त गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया इस पावन अवसर पर शक्ति के नौ स्वरूपों की विधिवत मंत्रोच्चार एवं वैदिक विधि से प्राण प्रतिष्ठा पंडित नारायण प्रसाद दुबे जबलपुर की टोली द्वारा विधि विधान मंत्रोपचार के साथ कराई गई , इसके बाद हवन पूजन किया गया जिसमें सदस्यों ने जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पंडितों के सान्निध्य में यह अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा स्थापना के माध्यम से समाज में ज्ञान, करुणा एवं सेवा भावना को जागृत करने का संदेश दिया गया। इस आध्यात्मिक पहल ने लोगों को आत्मबोध और सामूहिक जागरण की प्रेरणा दी।इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए व्रहद वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसूचित जनजाति छात्रावास परिसर में भी आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं, बच्चों एवं वरिष्ठजनों ने सहभागिता करते हुए परिसर में अनेक फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण भजन एवं कीर्तन के साथ दिव्यता का अनुभव किया।श्री गायत्री शक्तिपीठ परिवार ने सभी श्रद्धालुओं, सेवाभावी जनों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आभार प्रकट किया एवं भविष्य में ऐसे और आयोजन करने का संकल्प लिया।शक्तिपीठ जबलपुर से पधारे पंडित नारायण प्रसाद दुबे, अदिति दीदी, दीप्ति दीदी, की उपस्थिति रही तेंदूखेड़ा गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ परिजन एवं संरक्षक डॉक्टर जेपी खरे , शोभाराम नामदेव, जेपी खरे, शिक्षक सुखबीर सिंह यादव,रामकुमार राय, काशी प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार नेमा, श्री तरुण खरे, बालकृष्ण नेमा, सतीश खरे शिक्षक, अनिल कुमार खरे, शिक्षक श्रीमती मधु नेमा,श्रीमती सरोज साहू, श्रीमती पुष्पा राय, राकेश कुमार खरे ,आदि गायत्री एवं अन्य गायत्री प्रज्ञा मंच खडेरी बटियागढ़ से पधारे सभी गायत्री परिजन उपस्थित रही।

### छात्रावास में किया पौधरोपण

## खबर संक्षेप

### सम्पूर्णता सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज प्रातः 11 बजकर 15 मिनट पर नोहटा से तेंदूखेड़ा के लिये प्रस्थान करेगे, आप 12 बजे कृषि उपज मंडी परिसर तेंदूखेड़ा पहुॅचेगे और सम्पूर्णता सम्मान समारोह में शामिल होगे। आप दोपहर 1.30 बजे तेंदूखेड़ा से नोहटा के लिये प्रस्थान करेगे व शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किये जायेगे।

### सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगेगा रक्तदान शिविर

**तेंदूखेड़ा।** 25 अगस्त 2025 दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में सुबह 11 बजे से रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। सबसे बड़ी बात है कि इसी दिन उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का जांच शिविर आयोजन होगा। साथ ही जिन गभवति महिलाओ को रक्त की आवश्यकता होगी तत्काल उसी दिन जॉच करने के बाद रक्त चढाया जाएगा। सीबीएमओ डाक्टर अशोक बडोनियां ने अपील की है कि आयोजित शिविर में जो भी सज्जन इस पुनीत कार्य में रक्तदान में अपनी सहभागिता करना चाहते हैं वह कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर कर अपना नाम दर्ज करवा सकते है। साथ ही अपने इष्ट मित्रो से सम्पर्क कर इस कार्य में शामिल होने के लिए प्रेरित कर अपने साथ लेकर आए।

### अनिल मिश्रा का निधन

**दमोह।** पत्रकार अवलेश मिश्रा और विकास मिश्रा के बड़े भाई अनिल कुमार मिश्रा 63 वर्ष (रिटा.सेक्शन इंजी.) निवासी मांगंज वार्ड (सत्कार लॉज के पीछे ) का अचानक हृदय गति रूकने के कारण निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास मांगंज वार्ड (सत्कार लॉज के पीछे) से हटा नाका मुक्तिधाम के लिए सुबह11:00 बजे प्रस्थान करेगी।



### मिटट्ी के श्रीगणेश बनाने स्वदेशी जागरण मंच एवं जन अभियान परिषद दे रहा प्रशिक्षण

# मिट्टी से बनेगी पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्वदेशी जागरण मंच जिला कार्यालय दमोह में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई है। इस अभियान के तहत आमजन को इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष बात यह है कि इन प्रतिमाओं को देसी मिट्टी से तैयार कराया जा रहा है, जिससे न केवल हमारी संस्कृति और परंपरा जीवित रहेगी बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दमोह के चर्चित राजेश पेंटर द्वारा महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को बेहद सरल तरीके से गणेश प्रतिमा बनाने की विधि सिखाई जा रही है। प्रशिक्षण की शुरुआत आज से हुई है और यह कार्यक्रम अनंत चतुर्दशी तक लगातार जारी रहेगा। हर साल गणेश उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में प्लास्टर ऑफ पेरिस (POP) और रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाएँ नदी-तालाबों में विसर्जित की जाती हैं। ये प्रतिमाएँ जल्दी नहीं घुलतीं और जल को प्रदूषित कर देती हैं।



इसके कारण नदियों और तालाबों का पानी दूषित होता है तथा जलचर जीवों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। लेकिन मिट्टी से बनी प्रतिमाएँ पूरी तरह प्राकृतिक होती हैं। विसर्जन के बाद यह मिट्टी दोबारा मिट्टी में मिल जाती है और पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती। इससे जलस्रोत भी स्वच्छ रहते हैं और धरती का संतुलन भी बना रहता है। स्वदेशी जागरण मंच की यह पहल न केवल सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखने का प्रयास है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान से लोग स्वदेशी उत्पादों की ओर आकर्षित होंगे। बच्चों को बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश मिलेगा। महिलाएँ और पुरुष घर पर ही मिट्टी की प्रतिमा बनाकर उत्सव मना सकेंगे। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि – यदि हम सब मिलकर इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं का उपयोग करें, तो गणेश उत्सव सचमुच पर्यावरण और समाज दोनों के लिए मंगलमय बन सकता है। इस अवसर पर मनोहर पथरौल, डॉक्टर मोनिका पालीवाल, कंचन असाटी हनि सरदार, नीलू नामदेव की उपस्थिति रही।

### पर्यावरण फ्रैंडली माटी के गणेश



**सगोनी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ, मोहन यादव के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद तथा नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वाधान में माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान का आयोजन किया जा रहा है । इसी तारतम्य में दमोह जिले के पटेरा विकासखंड में भी स्वयंसेवी संगठनो, प्रस्फुटन समिति सदस्यों तथा एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं को मिट्टी से गणेश निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया। विकासखंड समन्वयक हरीश पांडे द्वारा कार्यक्रम के आयोजन एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे ने बताया कि 15-20 बर्ष पूर्व अधिकांश परिवारो मे बच्चे स्वयं मूर्ती बनाकर स्थापित करते थे, परंतु आज की व्यस्ततम जीवनचर्या के कारण धीरे- धीरे यह प्रथा विलुप्त हो रही है। प्लास्टर आफ पेरिस तथा पक्के रंगों से बनी मूर्तियां पानी में गलती नहीं है, जिस कारण यह कचरे के रूप तैरती है।

### तालाब में एक और बड़ा मगर मच्छ होने की संभावना

# धनेटा तालाब से पकड़ा साढे तीन फिट का मगरमच्छ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

झलौन वन विभाग के अंतर्गत ग्राम धनेटा तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना ग्रामीणो के द्वारा लगभगए एक माह पहले से वन विभाग को दी जा रही थी। बताया जा रहा था कि तालाब में लगभग 8 फिट से लम्बा मगरमच्छ तालाब में है। जिस कारण रेंजर सतीश मसीह के द्वारा तालाब में एक पिंजरा लगभग 20 दिन पहले से तालाब में लगा दिया था। लेकिन गुरूवार सुबह लगभग 8 बजे एक मगरमच्छ साढे तीन फिट का मगर मच्छ पिंजरे में कैद हो गया। जिसे पिंजरे में बंद कर भोपाल वन विहार भेजा गया हैं। रेंजर सतीश मसीह ने बताया कि तालाब में एक बड़ा मगरमच्छ हैं जिसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा दी गई थी जिसे पकडने के लिए पिंजरा लगाया था लेकिन छोटा मगरमच्छ फंस गया। साथ ही बड़ा मगरमच्छ तालाब में होने की सूचना ग्रामीणों को पूर्व में दी गई थी। तालाब में ओर भी मगरमच्छ होने की संभावना है। एसे भी रेस्क्यू करने की प्रक्रिया चालू है। लेकिन पहले से ग्राम में मुनादी करा दी गई थी कि कोई भी व्यक्ति तालाब के पास न जाए एवं कोई भी व्यक्ति अपने मवेशियों को भी तालाब के पास लेकर न जाए। मच्छली मारने पर भी पाबन्दी लगा रखी है। रेस्क्यू के दडिप्टी रेंजर शंकर सिंह महेश यादव महबूब खान स्टाफ सहित मौजूद रहे।

# 50 छात्र छात्राओं को किया साइकिलों का वितरण

**जबेरा।** जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने गुरुवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा में 50 छात्र छात्राओं को साइकिलों का किया वितरण एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों को किया सम्मानित। तो वही जबेरा जनपद के ग्राम सगरा में 50 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। अपने भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सगरा में 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि जबेरा विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बड़ा और मजबूत सामुदायिक भवन बनाने का मेंने संकल्प लिया है। पहले के समय मे सामाजिक कार्यों के लिए स्कूल मिल जाते थे लेकिन अब नहीं मिलते इसलिए मैं निरंतर भवन बनवाने का कार्य कर रहा हूं। विधानसभा में अभी तक तीस से अधिक भवन बन चुके हैं और यह क्रम निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर गरीब परिवार की चिंता कर रही है ग्राम सगरा के एक साहू परिवार में पांच लोगों किसान सम्मन निधि, चार बहनों को लाडली बहना योजना एवं तीन लोगों को वृद्धा पेंशन का लाभ मिल है 01 वर्ष में इस परिवार को 142000 लाख रुपये का लाभ मिल रहा है। इसके पूर्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा में 50 छात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों और शिक्षकों को बैग से सम्मानित करते हुए कहा कि पहले के समय में माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर देते थे क्योंकि स्कूल दूर होने के कारण आने जाने में असुविधा होती थी। लेकिन हमारी सरकार ने दूरदराज के ग्रामों से शिक्षा ग्रहण करने पहुंच रहे छात्र-छात्राओं को साइकिल देने का कार्य किया है। जिससे कि अब माता-पिता को भी आने-जाने की चिंता नहीं रहती और बच्चे समय पर स्कूल पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, विधालय प्राचार्य संजय बाजपेई, उपप्राचार्य अजय सिंघई सहित अनेकों जनप्रतिनिधियों, छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही।



### वृद्धाश्रम दमोह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

# मन में सकरात्मक विचार रखना आवश्यक है- नवागत प्रधान जिला न्यायाधीश




**दमोह।** म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार नवागत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विश्वनाथ शर्मा, सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, स्वास्थ्य विभाग से सिविज सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, डी.एच.ई डॉ. रीता चटर्जी, डॉ. आदित्य गुरू, डॉ. चक्रेश पटेल, मेडीकल स्टॉफ तहमीना खान, प्रशांत रोहित, विमलेश ठाकुर एवं वृद्धाश्रम प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। नवागत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त वृद्धजन को सम्बोधित करते हुये उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई, वृद्धजन को गुलदस्ते देकर भावपूर्ण सम्मान किया गया और उनसे कहा गया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी अच्छा होना जरूरी है। हमें हमेशा सकारात्मक विचार रखना चाहिए तभी हम अपने जीवन में आने वाली कठिन परिस्थितियों का सामना आसानी से कर सकते है। साथ ही समस्त वृद्धजन से स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सों को अपनी शारीरिक समस्यायें बताकर अपना इलाज करवाने जाने और दिये गये उपचार का पालन कर स्वस्थ्य रहने की सलाह दी गई। शिविर में जिला चिकित्सालय की टीम के द्वारा सभी अन्तःवासी वृद्धजनों की जांच की जाकर उन्हें यथोचित दवायें वितरित की गई। शिविर के अंत में प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# सिंग्रामपुर से पोड़ी लिंक रोड पर रेलिंग न होने से हादसों का खतरा, प्रशासन बेपरवाह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोहः जबलपुर स्टेट हाईवे को जोड़ने वाली पौड़ी कोडा लिंक रोड अंधी मोड पर दिशा सूचक यंत्र ना होने और पूलिया पर रेलिंग न होने से आए दिन घटना घटित हो रही है। ग्रामवासी प्रमोद धनगर ने बताया हरदुआ कोंडा ग्राम के पास अंधी मोड पर कोई ऐसा सूचक यंत्र नहीं है साथ ही दो बरसाती नाले निकले हैं। उन पर पुलिया तो बना दी गई है लेकिन रेलिंग नहीं लगाई गई है जिससे आए दिन टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन और मवेशी घटना का शिकार हो रहे हैं। क्रॉसिंग के दौरान पुलिया से लोगों की मौत भी हो चुकी है उसके बाद ही प्रशासन नहीं जाग रहा है। ग्राम कोंडा के पास जो पुलिया निकली है उसे पर आए दिन घटना घटित हो रही है जो कि इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सिंग्रामपुर से 15 ग्रामों को जोड़ने वाली है। पौड़ी लिंक रोड पर अक्सर सड़क हादसे होते रहते ओर हरदुआ, कोडा.पुलिया का नाम एक्सीडेंटल पॉइंट पड़ गया है। जहां दो मोड़े है जो हाईरिस्क प्वाइंट्स हैं। ग्राम से महज यानि 50 मीटर की दूरी पर लापरवाही ही हादसे का कारण बन सकती है आये दिन खतरनाक पॉइंट पर हर हप्ते कोई ना कोई बाहन हादसाग्रस्त हो जाता है।

# दादा गुरु से मिले शिवभक्त

### गोवर्धन पर्वत पर बृहद पौधरोपण का मिला आशीर्वाद



**बनवार।** श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल बांदकपुर से शिवभक्त जबलपुर पहुंचे जहां प्रसिद्ध नर्मदा संत दादा गुरु जी के आश्रम में भेट की एवं सत्संग संवाद किया आगामी सितंबर माह में श्री गणेश उत्सव के दौरान बांदकपुर धाम के गोवर्धन पर्वत पर वृक्षारोपण होगा जिसकी तैयारियों को लेकर संवाद करने दादा गुरु जी ने धाम से जुड़े भक्तों को जबलपुर आश्रम बुलाया था। पूज्य दादा गुरु जी का पर्यावरण संरक्षण को लेकर सवा करोड़ वृक्ष रोपित करने का महासंकल्प है जिस अभियान के तहत श्री गणेश उत्सव के दौरान दादा गुरु के सानिध्य में बांदकपुर धाम के गोवर्धन पर्वत पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम होगा। जिसमें श्री जागेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट जिले के सामाजिक धार्मिक संगठन और शिवभक्तों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण हेतु 1008 पौधे रोपित किए जाएंगे। भगवान श्री जागेश्वर नाथ महादेव जी और मां नर्मदा जी की प्रेरणा आशीर्वाद मार्गदर्शन से वृक्षारोपण को लेकर पूरी तैयारी हैं। बांदकपुर धाम के गोवर्धन पर्वत पर आयोजित होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी क्षेत्रवासियों को पूज्य दादा गुरु का मंगल सानिध्य मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आयोजन में बांदकपुर मंदिर ट्रस्ट कमेटी संस्कृत विद्यालय सहित सभी विद्यालयों के छात्र छात्राएं जिले के सामाजिक धार्मिक संगठन श्री जागेश्वर नाथ मंडल सभी की सहभागिता होगी। गोवर्धन पर्वत पर विगत वर्षों में 3000 से अधिक पौधे रोपित किए गए जो अब विशाल रूप ले रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह पर्वत बांदकपुर धाम की भव्यता को प्रदर्शित करता है।

# मनरेगा के तहत नहीं मिल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

मजदूरों को अपनी पंचायत में ही रोजगार प्राप्त हो इस उद्देश्य को लेकर सरकार द्वारा पंचायती राज के अंतर्गत मनरेगा योजना लागू की गई थी लेकिन कुछ सरपंच सचिव की मिली भगत के चलते मजदूरों को पंचायत में काम नहीं मिल पा रहा है। अधिकांश पंचायतो में मशीनों के माध्यम से निर्माण कार्य कराए जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरदुआ उमराव, तेवरैया ,गरैह, जैसी अनेक पंचायतो के मजदूरों ने हरिभूमि को बताया कि हम लोगों को पंचायत में काम नहीं मिलता है सरपंच सचिव अपने समर्थकों से ही थोड़ा बहुत काम करा कर मास्टर रोल की खानापूर्ति कर लेते हैं।

मजदूरों को पंचायत में काम नहीं मिलने से बड़ी संख्या में लोग अपने गांव से शहरों के लिए पलायन कर रहे हैं, ग्राम पंचायत खमरगौर में तो एक अजीब मामला उजागर हुआ है जिसकी शिकायत पंचायत में पदस्थ सचिव अनिरुद्ध सिंह द्वारा की गई थी। सरपंच एवं रोजगार सहायक द्वारा बिना मूल्यांकन के मनरेगा योजना अंतर्गत राशि का भुगतान करा लिया गया और दोनों कार्यों की सीसी भी जारी कर दी गई। जबकि निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं है ,ऐसी अनेक बिंदुओं पर पंचायत में पदस्थ सचिव अनिरुद्ध सिंह द्वारा ग्राम पंचायत खमरगौर मैं व्याप्त अनियमिकताओ की शिकायत की गई थी जिसका मामला अभी भी चल रहा है। ग्रामीण अंचल के मजदूर बताते हैं कि हम लोगों को गांव में काम नहीं मिलता है इसलिए हमें मजबूरी बस अपना घर परिवार छोड़कर दूसरे प्रदेशों में रोजगार तलाशने के लिए जाना पड़ता है।

शासन प्रशासन भले ही योजनाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही हैं। लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही है, मजदूर वर्ग ने पंचायत प्रशासन से गांव में ही रोजगार ग्राम पंचायत में मजदूरी दिलाए जाने की मांग की है।

# आयुर्वेद और ज्योतिष के बीच गहरा संबंध : श्री भगवान वेदांताचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



के.एन. उद्प्पा ऑडिटोरियम, आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी में 19 से 21 अगस्त तक आयुर्वेद और ज्योतिष के बीच संबंधों को समझने और उनके अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए एक अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की विविध शिक्षा विभागों के अंतर्गत दमोह का गौरव बन कर पुनः श्री भगवान जी ने एक ज्योति पुंज की तरह इस बात को विश्व पटल पर रखा। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय, आईएमएस बीएचयू में किया जा रहा था ।इस संगोष्ठी का विषय रोचक था जहां अनेक विद्वानों ने अपने पक्ष को उजागर किया। वहीं वेद की कणिकाओं से खोजपूर्ण वातावरण में ज्योतिष और आयुर्वेद की रश्मियों को समलंकृत कर दार्शनिक विवेचना की गई जिसमें ज्योतिषीय सिद्धांतों की व्याख्या आयुर्वेदिक अनुप्रयोगों के लाभ को दर्शाती है। यदि व्यक्ति आयुर्वेद की औषधि को नक्षत्र के अनुकूलता में ग्रहण करें तो वर्तमान संदर्भ में होने वाले चाहे शुगर हो या बी.पी जैसे रोगों पर विजय प्राप्त कर सकता है। चंद्रायण वटी चन्द्र से संबंधित है तो मकरध्वज मंगल से इस प्रकार की तमाम आयुर्वेदिक रसायनों पर ज्योतिषीय नक्षत्र का विधान प्रस्तुत कर श्री भगवान ने एक नई दिशा दी है। जिन आंग्ल दवाईयों को खाकर व्यक्ति रोग को निमंत्रण दे रहा है। वही वह नक्षत्र प्रधान ग्रहों की स्थिति में निरोग्यता को प्राप्त कर अपनी आयु को स्वस्थता के मापदंडों में चिरायु बना सकता है। ऋषि महर्षियों में आचार्य चरक और चवन ने तो यह सार्थक कर के दिखा दिया हमे भी इस पद्धति का पालन करना चाहिए। विशिष्ट वक्ता के रूप में इस संगोष्ठी में श्री भगवान वेदांताचार्य, पंडित दिलीप अवस्थी, पंडित संतोष भार्गव और पंडित डॉ. अंजन जी ने शामिल होकर सिद्धांतिक मापदंडों का रूपक बनाया ।

## कार्यालय नगर परिषद पटेरा, जिला - दमोह (म.प्र.)

क्रमांक / न.पा./ राजस्व / 2025 / 1185 पटेरा दिनांक- 19/08/2025

**// दुकानों आबंटन हेतु तृतीय ई- ऑफर सूचना //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद पटेरा द्वारा नीचे लिखे अनुसार दुकानों का यह आवंटन म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं नगर परिषद पटेरा की आवंटन शर्ते किरायेदारी के आधार पर किया जाना है जिस हेतु ऑनलाइन ऑफर दिनांक 06.09.2025 को सायं 5 :30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रं.जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | आरक्षित वर्ग | दुकान की साईज (मीटर में) | दुकान क्रमांक | न्यूनतम ऑफर राशि | निविदा अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_UAD _445898_1 | संकट मोचन के सामने कॉजी हाउस पटेरा शॉपिंग कॉम्पलेक्स | अनुसूचित जन जाति | 3.00 x 3.20 | 09 | 586474/- | 58648/- | 2000/- |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 21.08.2025 को समय प्रातः 10 :30 से दिनांक 06.09.2025 को समय शाम 05 :30 तक सिर्फ ऑनलाइन वेवसाइट https://mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Develepment के अंतर्गत क्रय किये जा सकते है ऑनलाइन मेन्डेटरी दस्तावेज दिनांक 08.09.2025 को प्रातः 11 :00 बजे से खोले जावेगे।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
3. उपरोक्त कॉलम में दर्पित न्यूनतम ऑफर राशि एवं निविदा अमानत राशि पृथक-पृथक दुकान बार रहेगी।
4. ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृत का अधिकार परिषद के पास सुरक्षित रहेगा। जिस पर कोई बाददायर नहीं किया जा सकेगा।
5. अन्य जानकारी नगर पालिका कार्यालय के राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा जिला- दमोह (म.प्र.)